प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 03.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से जुडी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में पिपरहवा अवशेषों और प्राचीन वस्तुओं को दर्शाया गया है। ये चीजें एक सदी से भी अधिक समय बाद स्वदेश वापस लाई गई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस पवित्र धरोहर के लौटने पर खुशी जताते हुए कहा कि ये अवशेष हमारी सभ्यता का अभिन्न अंग है और पूरी दुनिया को शांति, समृद्धि और सद्भाव का संदेश देते है।

.....

**''प्रकाश और कमल–जागृत व्यक्ति के अवशेष''** थीम पर लगाई गई इस प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि ये आयोजन युवाओं और संस्कृति के बीच संबंध को और मजबूत करेगा।

....................

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण्य की सीमा में बदलाव को मंजूरी दे दी है। कोटा बैराज से हेंगिंग ब्रिज तक के 732 हेक्टेयर क्षेत्र को डीनोटिफाइ किया गया है। वन विभाग की ओर से इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इससे करीब डेढ लाख लोगों को सीधे तौर पर फायदा होगा। इसके अनुसार किशोरपुरा, शिवपुरा, सकतपुरा, रामपुरा, गुमानपुरा और नया गांव का काफी क्षेत्र सेंचुरी से बाहर हो जायेगा। वहीं अभ्यारण्य के दायरे में आने वाले चालीस हजार से ज्यादा घरों को अब पट्टे मिल सकेंगे और विकास कार्यो की राह भी सुगम होगी।

....................

राज्य के कई जिले आज घने कोहरे और तेज सर्दी की चपेट में है। हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बारां, करौली भरतपुर, बीकानेर और बाडमेर सहित कई स्थानों पर सुबह देर तक कोहरा छाया रहा। वहीं पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंटआबू में न्यूनतम तापमान आज दूसरे दिन भी शून्य पर रहा। सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 2 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। बाडमेर बीकानेर और जैसलमेर में बर्फीली हवाओं का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल से सर्द हवाओं का दौर तेज होने और तापमान में 1 से 3 डिग्री तक गिरावट के आसार है। इस बीच घने कोहरे से परिवहन सेवायें प्रभावित हो रही है। घनी धुंध से दृश्यता में कमी के कारण कोटा–झालावाड हाईवे पर एक स्पीलर बस पलट गई हादसे में तीस यात्री घायल हो गए।

....................

कोटा जिले में आज से किसान अधिकार पंजीकरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले के हर राजस्व गांव में विशेष शिविर लगाये जायेंगे। जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने बताया कि इन शिविरों में किसान फार्मर रजिस्ट्री का पंजीयन करवा सकते है।

....................

बाडमेर में आज से चाईनीज मांझे के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने अभियान की शुरूआत की। आमलोगों को चाईनीज मांझे से होने वाले नुकसान के लिए जागरूक करना और इसके प्रयोग पर रोक लगाने के मकसद से ये अभियान चलाया गया है।

....................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उनका जीवन सेवा और शिक्षा के माध्यम से समाज के परिवर्तन के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले समानता, न्याय और करुणा के सिद्धांतों के प्रति समर्पित थीं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता सावित्री बाई फुले को उनकी जयंती पर नमन किया है।

....................

राजधानी जयपुर में आर्मी डे परेड की तैयारियां तेज हो गई है। सेना की ओर से इसका पूर्वाभ्यास शुरू कर दिया गया है। कल हुई रिहर्सल में सेना के टैंकों, मिसाइलों की ओर से युद्ध क्षमताओं का अभ्यास किया गया। इस दौरान सेन्य सुरक्षा बल की टुकडियां फ्लेग मार्च करती नजर आई। वहीं फ्लाई पास्ट भी हुआ। नेपाल आर्मी का

बैंड भी इस अभ्यास में शामिल हुआ। सेना दिवस के मौके पर 15 जनवरी को जगतपुरा में मुख्य परेड होगी। वहीं एसएमएस स्टेडियम में शॉर्य संध्या का आयोजन होगा।

....................

राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट 2026 का आयोजन कल से जयपुर में किया जा रहा है। सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 6 जनवरी तक ये समिट होगी। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने बताया कि इसमें स्टार्टअप्स, निवेशक, नीति निर्माता, उद्यमी और क्रियेटर्स जुटेंगे। वे डिजिटल एग्रीकल्चर स्मार्ट हैल्थ, स्मार्ट स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, जल प्रबंधन टूरिज्म, वाटर गवर्नेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित कई अहम विषयों पर मंथन करेंगे। इस दौरान स्टार्टअप पिच सत्र, सेक्टोरल सेशन, हैकाथॉन, कॉमिकॉन, फिल्म फेस्टिवल और राजस्थान रीजनल एआई इम्पेक्ट कॉन्फ्रेंस भी होगी। समिट में केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, अश्विनी वैष्णव और जितिन प्रसाद सहित देश विदेश की कई हस्तियां शामिल होगी।

....................